चिंता | मधुमेह- हृदयाघात का बढ़ा खतरा, बदलता परिवेश बन रहा असमय मौत का कारण

# असंतुलित जीवन शैली से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रहा मोटापा



**नवभारत, बेलखाडू।** ग्रामीण क्षेत्रों में अब वे बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं जिन्हें कभी शहरी जीवनशैली से जोड़ा जाता था। अब गांवों में भी अनियमित जीवन शैली के कारण ग्रामीण परिवेश में भी मोटापा, मधुमेह (डायबिटीज), उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) और हृदयाघात (हार्ट अटैक) व कैंसर के मामलों में हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। इसी क्रम में महिलाओं में भी स्तन, बच्चादानी व बवासीर कैंसर जैसे रोग जैसी असाध्य बीमारी की जानकारियां सुनने में आ रही हैं। चिंताजनक पहलू यह है कि 30-45 वर्ष की आयु वर्ग में भी गंभीर हृदय रोग और अचानक मृत्यु के मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बदलती जीवनशैली, असंतुलित आहार और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को इसका मुख्य कारण मानते हैं।

### अनियमित खान-पान बिगाड़ रहा सेहत

असंतुलित खान-पान, फास्ट फूड, जंक फूड और डिब्बाबंद भोजन ,अधिक तला-भुना और मसालेदार खाना, अधिक नमक और चीनी अत्यधिक मांसाहार, पोषक तत्वों (फाइबर, विटामिन, मिनरल) की कमी , इनसे शरीर में चर्बी बढ़ती है, कोलेस्ट्रॉल जमा होता है और रक्तचाप व ब्लड शुगर असंतुलित होने लगते हैं।

### व्यायाम में आई कमी

पहले ग्रामीण जीवन श्रमप्रधान था, अब मशीनों और आरामदायक दिनचर्या ने शारीरिक गतिविधि घटा दी है। नियमित व्यायाम न करने से मोटापा और हाई बीपी का खतरा बढ़ता है। वहीं शराब, धूम्रपान, तंबाकू व गुटखा ये सभी हृदय, फेफड़ों और रक्त वाहिनियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और अचानक हृदयाघात का जोखिम कई गुना बढ़ा रहे हैं।

### इनका कहना है



बिगड़ी लाइफ स्टाइल, तनाव, भागदौड़, असंतुलित खान पान, व्यायाम नहीं करना,शरीर पर ध्यान नहीं देना,युवाओं में तेजी से विभिन्न प्रकार के गंभीर रोग देखने में आ रहे हैं।

**डॉ. पीयूष द्विवेदी ( एमबीबीएस ) मेडिकल ऑफिसर स्वास्थ्य केंद्र बेलखाडू**



अपने चालीस साल के चिकित्सीय सेवा काल में मैने अभी कुछ वर्षों के अंदर युवाओं में तेजी से शुगर, ब्लड प्रेशर,हार्ट अटैक फैटी लीवर, बवासीर पैरालाइसिस जैसे गंभीर बीमारियां उभर कर आ रहीं है। स्वाभाविक है जब खतरे शरीर पर है तो शरीर के प्रति जागरूक रहते हुए अच्छी जीवन शैली अपनाएं।

**डॉ. जीआर भगत , वरिष्ठ चिकित्सक बेलखाडू**



स्वस्थ रहने के लिए जीवन में अनुशासन बहुत जरूरी है नियमित योग, मेडिटेशन एवं ध्यान, संतुलित भोजन, नशे से दूरी, मोबाइल ओर फास्ट फूड का कम प्रयोग करना साथ ही अच्छी आदतों को अपनाना होगा।

**रोहित मेहरा, लैब टेक्निशियन मेडिकल कॉलेज**



लोगों के खान पान पर नियंत्रण नहीं होना और नियमित एक्सरसाइज नहीं करना सभी रोगों की जड़ है। में 15 वर्ष हो गए रोज दौड़ने जाता हूं एक्सरसाइज करता हूं। साथ ही समय समय पर अपना बीएमआई व मेडिकल चेकअप भी कराता हूं ताकि पूर्ण स्वस्थ्य रहूं।

**रजनीश नगाइच, वरिष्ठ एलआईसी अभिकर्ता**

## अधिवक्ता फोरम पनागर की बैठक आज

**पनागर, नवभारत।** अधिवक्ता फोरम पनागर द्वारा सामान्य सदस्यों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन रविवार को सुबह 11 बजे तहसील पनागर स्थित अधिवक्ता भवन में किया गया है। फोरम के अध्यक्ष सुरेंद्र सेन एवं सचिव के. के. कुशवाहा ने सभी सामान्य सदस्यों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। बैठक में संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी इसके साथ ही भविष्य में आगे की नीति पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## गिल्ली डंडा खेल में ग्राम हुल्की बना विजेता

**सुकरी, जबलपुर।** खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया थीम के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुकरी सेक्टर में आगामी दिनों में गिल्ली डंडा खेल का आयोजन किया गया जिस दौरान ग्राम हुल्की को विजेता घोषित किया गया। उक्त जानकारी ग्राम पंचायत सुकरी सरपंच ब्रजेश पटैल ने दी है।





## 114 बड़े-छोटे पशुओं का किया गया उपचार

**सुकरी, नवभारत।** ग्राम सुकरी में प्रभारी पशु चिकित्सालय कलादेही डॉ देवश्री भौमिक एवं के के पांडे द्वारा क्षीर धारा योजना अंतर्गत गाय / भैंस बांझपन निवारण शिविर लगाया गया जिसमें 114 छोटे और बड़े पशु का उपचार एवं दवा वितरण किया गया। विदित हो कि क्षीर धारा ग्राम योजना' के तहत सुकरी गांव का चयन किया गया है, जहां अब क्षीर धारा योजना अंतर्गत दुग्ध उत्पादन बढ़ाया जाएगा।

### काजल महावर (गुप्ता) को मिली पीएचडी उपाधि



**पनागर, नवभारत।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब के स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस के अंतर्गत काजल महावर (गुप्ता) को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने मशीन लर्निंग विषय पर ए वेब बेस्ड प्रिडिक्टिव मॉडल फॉर एकेडमिक परफॉर्मेंस ऑफ द स्टूडेंटस शीर्षक से अपना शोध कार्य प्रोफेसर डॉ. पूनम रत्तन के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। काजल महावर वर्तमान में संत अलॉयसियस महाविद्यालय, जबलपुर के कंप्यूटर साइंस विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। वे स्वामेश गुप्ता की धर्मपत्नी, हरीश नारायण एवं अनीता महावर की सुपुत्री तथा प्रदीप कुमार एवं राधा गुप्ता की पुत्रवधू हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर परिवारजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## होटल संचालक से अड़ीबाजी चाकू चमकाकर धमकाया

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र में बदमाशों ने रंगदारी न देने पर एक होटल संचालक के साथ सरेराह मारपीट कर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस के अनुसार रक्षानगर बड़ा पत्थर निवासी 36 वर्षीय निहाल चौकसे भंवरताल गार्डन में होटल संचालित करते हैं, रात करीब 12:30 बजे अपना काम खत्म कर घर लौट रहे थे। उनके साथ कार क्रमांक एमपी 20 जेएन 4462 में भाई दीपक चौकसे और दोस्त शिवम टैगोर भी मौजूद थे। जब निहाल ने अपनी कार पटवा किराना के पास मेन रोड पर खड़ी की, तभी बापू नगर निवासी रोहन राजपूत और सूरज सोनकर एक्टिवा एमपी 20 जेड यू 1346 से वहां पहुंचे। आरोपियों ने निहाल को धमकाते हुए कहा कि उसका होटल अच्छा चल रहा है और अगर उसे धंधा जारी रखना है, तो हर हफ्ते 1,000 रुपये की रंगदारी देनी होगी। इसके साथ ही उन्होंने तत्काल शराब पीने के लिए भी पैसों की मांग की। जब होटल संचालक ने पैसे देने से इंकार किया, तो आरोपी सूरज सोनकर ने चाकू निकाल लिया और धक्का-मुक्की शुरू कर दी। वहीं, रोहन राजपूत ने निहाल के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आए भाई दीपक और दोस्त शिवम को भी आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।

## डीआरएम ने किया पिपरिया स्टेशन का निरीक्षण

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल के मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने शनिवार की दोपहर पिपरिया स्टेशन का निरीक्षण किया। वे परख स्पेशल से पिपरिया पहुंचे। उनके साथ कई विभागीय आला अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने विकास एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडल रेल प्रबंधक ने पिपरिया रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का विशेष रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने तीनों प्लेटफॉर्मों का पैदल चलकर मुआयना किया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक और सीनियर डीईएन (को.) सहित अन्य अधिकारी भी



उनके साथ थे। उन्होंने मालगोदाम और नए फुट ओवर ब्रिज के पहुंच मार्ग का भी अवलोकन किया।


### नये ब्रिज के निर्माण में देरी को लेकर हुए नाराज

निरीक्षण के दौरान, डीआरएम तलरेजा ने नवीन ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू न होने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि जनवरी में पुराना ब्रिज टूटने के बावजूद अब तक निर्माण में प्रगति क्यों नहीं हुई है। उन्होंने संबंधित विभाग को जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। डीआरएम ने पिछले दिनों सांसद की ओर से स्टेशन निरीक्षण में उठाए गए जनहित के मुद्दों पर भी अधिकारियों से फीडबैक लिया ।निरीक्षण के दौरान, सीनियर डीईएन (को) ने स्टेशन मैनेजर रमेश सिंह को प्लेटफॉर्म पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश दिए। पिपरिया के निरीक्षण के बाद, जबलपुर की ओर रवाना हो गए। इससे पहले सुबह डीआरएम ने गुर्रा से भिटोनी रेलवे स्टेशन तक रेल खंड का निरीक्षण भी किया था। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत योजना के तहत विभिन्न चिन्हित स्टेशनों पर कई विकास एवं निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

## साथी के साथ मिलकर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** खितौला थाना अंतर्गत सकरी मोहल्ला निवासी एक युवक पर उसके ही पुराने दोस्त ने अपने साथी के साथ मिलकर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सकरी मोहल्ला निवासी 23 वर्षीय अरविंद चक्रवर्ती की लखराम मोहल्ला निवासी सौरभ कुचबंधिया से करीब एक साल से दोस्ती थी। बीती रात करीब 8=24 बजे सौरभ ने अरविंद को फोन कर विवाद करने की बात कही और उसे बाजार बुलाया। जब अरविंद अपने साथी आकाश बिरहा के साथ खितौला बाजार पहुंचा, तो वहां सौरभ नहीं मिला। जब अरविंद और आकाश ढेलाराम मंदिर के पास पहुंचे, तो वहां सौरभ कुचबंधिया और उसके साथी गुरु कुचबंधिया ने उन्हें रोक लिया। दोनों ने विवाद करते हुए अरविंद और आकाश के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान सौरभ ने जान से मारने की नीयत से चाकू निकालकर मार दिया। बीच-बचाव करने आए आकाश के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल अरविंद की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी सौरभ और गुरु कुचबंधिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



## छतों से कॉपर पाईप-ड्राई फिल्टर, वायर चुराने वाले पकड़ाए

**जबलपुर।** मानस भवन एवं इलेक्ट्रॉनिक दुकान की छतों से कॉपर पाईप एवं ड्राई फिल्टर, वायर चुराने वाले दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिनके कब्जे से डेढ़ लाख का माल बरामद किया गया।

मदनमहल पुलिस ने बताया कि 20 फरवरी को राजेश कुमार विश्वकर्मा निवासी प्रोफेसर कॉलोनी करमेता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह नगर निगम से मानस भवन में सुपर वाईजर के पद पर पदस्थ है। भवन की छत पर चढ़कर चोर एसी में लगे कॉपर के पाईन, ड्राई फिल्टर 80 हजार रूपए का चुराकर ले गया ।पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर सीसीटीव्ही फुटेज के जरिए पुराने बस स्टेण्ड के अंदर मेट्रो बस स्टेण्ड के अंदर दबिश देकर राज साकेत पिता राजेन्द्र साकेत 23 वर्ष निवासी दमोहनाका को पकड़ा गया जिसके कब्जे से दो ड्राई फिल्टर एवं छोटे बड़े 12 कॉपर पाईप किए गए। आरोपी के खिलाफ पूर्व से आर्म्स एक्ट के 2 अपराध दर्ज है। इसी प्रकार लार्डगंज पुलिस ने बताया कि राज मोदी 28 वर्ष निवासी मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी महाराष्ट्र स्कूल के सामने राईट टाउन में इंटर नेशनल इलेक्ट्रिकल्स नाम से दुकान है। 19 फरवरी की रात अज्ञात चोर छत पर चढ़कर कापर के पाईप, राड एवं अन्य सामान जो बिजली खम्बे में अर्थिंग के काम आता है कुल कीमती सामान लगभग 70 हजार रूपये का चुराकर ले गया ।पुलिस ने जावेद अंसारी उर्फ मोनू अंसारी पिता मोहम्मद अकबर अंसारी 25 वर्ष निवासी हनुमानताल को दबोचा। जिसके कब्जे से कॉपर के पाईप एवं अर्थिंग वाला वायर कीमती लगभग 70 हजार रूपये के जब्त किए गए । जावेद अंसारी के खिलाफ पूर्व से मारपीट एवं आर्म्स एक्ट सहित 2 अपराध दर्ज है।

## निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के पश्चात उसकी शर्तों को नहीं दे सकते चुनौती

टीकमगढ़ के पृथ्वीपुर में दुकान आवंटन का मामला



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा है कि निविदा प्रकिया में भाग लेने के बाद उसकी शर्तो को चुनौती नहीं दी जा सकती। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने उक्त मत के साथ दुकानदार की याचिका निरस्त कर दी।

यह मामला टीकमगढ़ के पृथ्वीपुर निवासी महेन्द्र अग्रवाल की ओर से दायर किया गया था। जिसमें नगर पंचायत पृथ्वीपुर के 16 अक्टूबर 2012 के प्रस्ताव को चुनौती दी गई थी। आवेदक का कहना था कि नगर पंचायत पृथ्वीपुर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की दुकान का किराया तीन हजार प्रतिमाह किया, जबकि तहसीलदार ने पंद्रह सौ रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया था। आवेदक का कहना था कि नगर पंचायत पृथ्वीपुर के द्वारा 19 दुकानों की नीलामी की गई। जिसमें की उसके द्वारा दुकान क्रमांक-19 को उसके पक्ष में उच्चतम बोली बोली जाने कारण उसकी निविदा स्वीकृत की गई थी। इतना ही नहीं नगर पंचायत विभिन्न दुकानों का मासिक किराया भिन्न-भिन्न रखा जो कि उसके अनुसार कम था और उसे अधिक मासिक दर पर दुकान प्रदान की गई। मामले में नगर पंचायत पृथ्वीपुर की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेन्द्र सिंह ने पक्ष रखते हुए उक्त दुकान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने थी, जिस कारण उस दुकान का मासिक किराया ज्यादा था। उस समय पर जो गाइडलाइन थी, उस दौरान दुकान का मासिक किराया 3500 रुपए था, जबकि नगर परिषद द्वारा तीन हजार रुपये ही तय किया गया। नगर पंचायत की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ता ने निविदा की समस्त शर्तों को पढने के पश्चात ही निविदा प्रक्रिया में भाग लिया और जब निविदा उसके पक्ष में उच्चतम बोली के आधार पर उसे दुकान क्रमांक-19 निविदा में स्वीकृत की गई, अतः अब वह दुकान के मासिक किराया को चुनौती नहीं दे सकता। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि निविदा की समस्त शर्तों को जानते हुए ही आवेदक ने निविदा प्रक्रिया में भाग लिया एवं उच्चतर बोली होने के कारण उसके पक्ष में दुकान का स्थानांतरण उसके पक्ष में किया गया। जिसके बाद ही उसके द्वारा अनुबंध पत्र भी निष्पादित किया गया, जिसमें उसने हस्ताक्षर किए अतः संपूर्ण प्रक्रिया के बाद वह निविदा प्रक्रिया को चुनौती नहीं दे सकता एवं याचिका निरस्त कर दी।

## दहेज हत्या में मृत्यु पूर्व परेशान किया जाना साबित करना आवश्यक

हाईकोर्ट ने खारिज की सरकार की अपील

जबलपुर। दहेज हत्या के मामले में मृत्यु के पूर्व परेशान किया जाना साबित करना आवष्यक है। मृतिका के शरीर पर कोई चोट के निशान नही थे। जिससे क्रूरता का कोई मज़बूत और भरोसेमंद सबूत मिल सके। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस आर सी एस बिसेन की युगलपीठ ने दहेज हत्या के आरोप में आरोपी पति को दोषमुक्त किए जाने के फैसले को सही ठहराते हुए सरकार की अपील को खारिज कर दिया।



सरकार की तरफ से दायर की गयी अपील में धारा 304 बी तथा 498 ए के तहत आरोपी पति किशन उर्फ लाल साहू को अनूपपुर जिला न्यायालय द्वारा दोषमुक्त किए जाने को चुनौती दी गयी थी। अपील में कहा गया था कि राधा का विवाह आरोपी किशन साहू के साथ साल 2012 में हुआ था। शादी के कुछ साल बाद आरोपी उसे दहेज में मोटर साइकिल व नगद रूपये की मांग करते हुए प्रताडित करने लगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित होने के कारण उसनरे 2 फरवरी 2018 को ज़हरीली वस्तु का सेवन कर लिया था। जिसके उपचार के दौरान 8 फरवरी 2018 को मौत हो गयी थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। ट्रायल कोर्ट ने मौजूदा रिकॉर्ड व सबूतो पर ठीक से विचार नहीं करते हुए आरोपी को दोषमुक्त कर दिया।

### गवाहों ने स्वीकारा

युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि गवाहों ने स्वीकार किया है कि शादी के समय दहेज की मांग नहीं की गयी थी। पुलिस के द्वारा गांव के किसी व्यक्ति के बयान दर्ज नहीं किये गये है। मृतिका के शरीर में किसी प्रकार की चोट के निशान नही पाये गये थे। अभियोजन यह साबित करने में नाकाम रहा कि उसे दहेज के लिए परेशान किया गया था। दहेज हत्या में मृत्यु पूर्व परेशान किया जाना साबित करना आवश्यक है। युगलपीठ ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को उचित करार देते हुए सरकार की अपील को खारिज कर दिया।

## 20 दिन में 58 हथियार 33 किलो गांजा पकड़ा

27 लापता नाबालिग भी किए दस्तयाब



**जबलपुर।** बीते 20 दिनों में पुलिस ने अवैध हथियारों, नशे के कारोबार पर शिकंजा कसा। इसके साथ लापता बच्चों की दस्तयाबी की। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर विगत 20 दिनों में अवैध हथियार के साथ 53 लोगों को पकड़ा गया । जिनके कब्जे से चाकू, तलवार, बका जब्त किया। इसके अलावा पांच बदमाशों को पिस्टल, कट्टा, कारतूस के साथ दबोचा। इसी प्रकार मादक पदार्थ गांजे की तस्करी में पांच तस्करों को हिरासत में लिया जिनके कब्जे से 33 किलो, 746 ग्राम गांजा जप्त करते हुये आरोपियो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार टीम गठित करते हुये गुम बालक, बालिकाओं के सम्बंध में पतासाजी करते हुये 27 गुम बालक/बालिकाओं को दस्तयाब करते हुये परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

## बेलखाडू में बदला मौसम का मिजाज, बारिश से मिली राहत

**नवभारत, बेलखाडू।** बेलखाडू और आसपास के इलाकों में बीती रात हल्की गर्मी महसूस की गई, लेकिन तड़के करीब 5 बजे अचानक मौसम ने करवट बदल ली और रिमझिम बारिश शुरू हो गई। सुबह की इस हल्की फुहार ने वातावरण को ठंडक दी और लोगों को उमस से राहत भी प्रदान की। किसानों ने इस बारिश को रबी फसल के लिए अच्छा माना है। स्थानीय जानकारी के अनुसार वर्तमान में दिन का तापमान लगभग 29-31 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जबकि रात का तापमान 16-18 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। सुबह की बारिश के बाद हवा में नमी बढ़ी है और बादलों की आवाजाही जारी है।

## पीड़ित महिला को नहीं प्रदान की यौन उत्पीड़न की जांच रिपोर्ट

हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा

**जबलपुर।** यौन उत्पीडन की षिकायत की जांच के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट नहीं दिये जाने को चुनौती देते हुए महिला प्राध्यापक ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईाकेर्ट जस्टिस विषाल मिश्रा की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए जेएनकेविवि के रजिस्ट्रार, हॉर्टिकल्चर कॉलेज छिंदवाड़ा के डीन, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ साइंटिस्ट, एसपी छिंदवाड़ा सहित अन्य को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है।

छिंदवाड़ा निवासी पीड़िता की की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि वह हॉर्टिकल्चर कॉलेज छिंदवाड़ा के प्राध्यापक के पद पर पदस्थ है। कॉलेज के डीन डॉ आरसी शर्मा के खिलाफ उसने यौन उत्पीड़न की षिकायत आईजी, एसपी सहित कई मंचों पर थी। उसके द्वारा राष्ट्रीय व राज्य महिला आयोग में भी शिकायत की गई। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम के तहत कृषि विश्वविद्यालय ने जांच के लिए एक कमेटी गठित की गयी थी। अधिनियम में तहत कमेटी में महिला का होना जरूरी है, जबकि उक्त समिति में पुरुष अधिकारी के नेतृत्व में गठित की गयी। जांच कमेटी ने 8 अक्टूबर 2025 को रिपोर्ट पेष कर दी है। जांच रिपोर्ट अभी तक उसे प्रदान नहीं की गयी है। जिसके कारण हाईकोर्ट की शरण ली गयी है। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद अनावेदको को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## 75 लीटर डीजल के साथ युवक को दबोचा



**जबलपुर।** चरगवां पुलिस ने 75 लीटर डीजल के साथ एक युवक को दबोचा है । पुलिस ने बताया कि डीजल बेचने के लिए ग्राम गंगई से गोटेगांव तरफ आ रहे बाइक सवार लक्ष्मण पटैल पिता स्व. रेवाराम पटेल 36 वर्ष निवासी ग्राम डगडगा हिनौता तिलवारा को केदारपुर रोड पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। मोटर सायकल में बंधे तीनों कुप्पों को चैक करने पर तीनों कुप्पों में 75 लीटर डीजल कीमती लगभग 7 हजार रूपये का होना पाया गया। आरोपी लक्ष्मण पटेल के कब्जे से तीनों कुप्पे में 75 लीटर डीजल एवं डीजल परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन ए 5270 जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

### दुकानदारों पर हमला कर की तोड़फोड़

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थानाअंतर्गत छोटी बजरिया गढ़ा निवासी एक बुजुर्ग दुकानदार पर सामान के पैसे मांगने को लेकर दो युवकों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने न केवल दुकानदार के साथ मारपीट की, बल्कि बीच-बचाव करने आए पड़ोसी दुकानदार को भी लहुलूहान कर दिया और दुकान में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छोटी बजरिया गढ़ा निवासी गणेश प्रसाद नामदेव (60) की हरदौल मंदिर के सामने फैंसी जनरल स्टोर की दुकान है। दो लड़के उनकी दुकान पर आए। उन्होंने दुकान से प्लास्टिक की बॉल और बच्चों के खेलने वाला बबल खरीदा। इस बीच आरोपियों ने दुकान में रखी एक खिलौना कार भी उठा ली। जब गणेश प्रसाद ने कुल सामान के 80 रुपये मांगे, तो दोनों युवक भड़क गए। उन्होंने अभद्रता करते हुए कहा कि वे यह सामान रानीताल से खरीदकर लाए हैं और सामान काउंटर पर फेंक दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने पास ही रखे लकड़ी के बत्ते से गणेश प्रसाद के सिर पर जोरदार हमला कर दिया। शोर सुनकर पास के दुकानदार सागर सिंह बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला बोल दिया। लकड़ी के बत्ते की मार से सागर सिंह के सिर और मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं। हमलावर यहीं नहीं रुके, उन्होंने दुकान के अंदर घुसकर सामान बिखेर दिया, जिससे दुकानदार का लगभग 10-12 हजार रुपये का नुकसान हो गया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।